सं.10(3)/2018-समन्वय

भारत सरकार

भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय

भारी उद्योग विभाग

***

उद्योग भवन, नई दिल्ली

दिनांक: 26 नवंबर, 2018

**विषय: अक्टूबर, 2018 के लिए भारी उद्योग विभाग का मासिक सार।**

अधोहस्ताक्षरी को अक्टूबर, 2018 के लिए **भारी उद्योग विभाग (डीएचआई)** और **लोक उद्यम विभाग (डीपीई)** से संबंधित मासिक सार के अवर्गीकृत भाग की एक प्रति इसके साथ परिचालित करने का निदेश हुआ है।

(दिनेश पाल सिंह)

अवर सचिव, भारत सरकार

फोन: 20361045

सेवा में

1. मंत्री परिषद के सभी सदस्य।
2. उप सभापति, नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली
3. नीति आयोग, योजना भवन (10 अतिरिक्त प्रतियों सहित), नई दिल्ली
4. श्री सितांशु कर, मुख्य प्रबंध निदेशक, मीडिया एंड कम्युनिकेशन (एम एंड सी), ए-विंग, प्रथम-तल, कमरा न-101,सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, शास्त्री भवन, नई दिल्ली

प्रतिलिपि प्रेषित:-

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/ विभागों के सचिव।
2. अध्यक्ष, यूपीएससी, शाहजहां रोड, नई दिल्ली -110069
3. भारत के राष्ट्रपति (राष्ट्रपति के सचिव) के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली -110004
4. भारत के उप-राष्ट्रपति (उप-राष्ट्रपति के सचिव) के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली -110004
5. भारत के प्रधान मंत्री के निजी सचिव, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली -110011
6. भास्कर दास गुप्ता, निदेशक, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110004
7. निदेशक, अंतर-राज्य परिषद्, एमआईआईए, विज्ञान भवन एनेक्सी, नई दिल्ली -110011
8. सचिवों के प्रधान स्टॉफ अधिकारी (सी और पीसी)
9. श्री हरीश चंद्र, अवर सचिव (प्रशासनिक विभाग), लोक उद्यम विभाग (डीपीई), कमरा नं-409 (ए), ब्लॉक-14, सी. जी. ओ. काम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003

## (A) DEPARTMENT OF HEAVY INDUSTRY (DHI):

1. Hon'ble Union Minister for Heavy Industries and Public Enterprises participated in the conclave on "Capital Goods in Steel sector: Manufacture in India" organised by Ministry of Steel in association with CII at Bhubaneswar, Odisha, on 23 October, 2018. During the event, BHEL signed 11 different MoUs with major steel manufacturers, consultants and EPC contractors in the presence of Hon'ble Union Minister for Heavy Industries and Public Enterprises.

2. The period of FAME-India Scheme for promoting electric and hybrid vehicles has been extended further for a period of 6 months i.e. upto 31st March, 2019 or till notification of Phase II of FAME India Scheme; whichever is earlier.

3. A meeting on 'total mobility' was chaired by Principal Secretary to Prime Minister on 29th October, 2018 in which a presentation on the EFC approved FAME-I1 proposal to boost adaptation of electric vehicles in the country was made.

4. A meeting was held under the chairmanship of Secretary, DHI on 25th October, 2018 to discuss the duty structure on minerals used for manufacturing of batteries and recommendation was sent to Finance Ministry.

5. BHEL Board in its meeting held on 25th October, 2018 has approved the Buyback of shares equivalent to 5% of net worth as on 31st March, 2018 at a price of Rs. 86/- per share. Government has accepted the Buyback proposal with the approval of Hon'ble Finance Minister and opted for taking part in the process of Buyback of shares.

6. For the second quarter of 2018-19, Bharat Heavy Electrical Limited (BHEL) has achieved a profit before tax (PET) of Rs. 272 Crore compared to Rs. 147 Crore achieved in the corresponding quarter in the previous year, registering a growth of 84%.

7. The 12th meeting of Inter-Ministerial Group (IMG) under Comprehensive Economic Partnership Cooperation Agreement with Japan to deal with the International arbitration filed by Nissan Motors Ltd. was held on 25th October, 2018 under the Chairmanship of Secretary, DHI.

8. In the hearing by the National Company Law Appellate Tribunal (NCLAT) on the appeal against the National Company Law Tribunal (NCLT) Order dated 13.06.2018 by Hindustan Paper Corporation Ltd. (HPC) against M/s Alloys and Metals, the NCLAT has given a last chance to settle the matter and has posted the case "for orders" on 03.12.2018.

9. A Note for the Committee of Secretaries for apprising and seeking guidance on the future course of action for HPC and its subsidiaries in view of the Corporate Insolvency Resolution Proceedings (CIRP) against HPC and for addressing the generic issues arising out of CIRP against a CPSE was submitted to the Cabinet Secretariat on 10.10.2018.

10. The Supreme Court in its orders dated 16.10.2018 dismissed the petition filed by Hindustan Newsprint Limited (HNL) employees' associations against the disinvestment of HNL.

11. The Cabinet Committee on Economic Affairs has approved a financial package of Rs. 469.41 crore for the Revival and Mill Development Plan (RMDP) of NEPA Limited, Madhya Pradesh. This package includes an infusion of Rs. 277 crores as equity for the completion of RMDP which shall enhance production capacity to 1,00,000 MT per annum from the present capacity of 83,000 MT per annum, diversify production, improve quality of products and also help resume production at NEPA Ltd. The RMDP is expected to be completed within a year. This package includes a loan of Rs. 101.58 crores for the payment of salary, wages and Rs. 90.83 crores for the voluntary retirement scheme of 400 employees. the strategic disinvestment of NEPA Ltd. on the completion of the RMDP, at an appropriate time, was also approved.

12. Equipped with 220 MWe Steam Turbine Generator and Steam Generators supplied by BHEL, Unit 1 of Kaiga Atomic Power Station of NPCIL created a world record for pressurized heavy water reactors (PHWR) by continuously operating for more than 894 days since 13$^{th}$ May, 2016.

13. BHEL successfully assembled and hydro tested the first penstock butterfly valve (BFV) for 6x170 MW Punatsangchhu-11 Hydro Electric Project, Bhutan. This is the second largest BEV designed and manufactured by BHEL, till date.

14. BHEL participated in the 2nd Global Re-Invest Exhibition from 3rd to 5th October 2018 at the Expo Mart at Greater Noida.

15. During the month BHEL won Rs. 2900 Crore orders for the Emission Control Equipment from NTPC. BHEL would supply and install Flue Gas Desulohurization (FGD) systems for control of Sulphur Dioxide emissions at NTPC's plants at North Karanpura, Mauda and Barh.

16. BHEL was conferred with the 'ICAI National Award for Excellence in Cost Management 2017'. This award was presented by Hon'ble Union Minister of Railways and Coal to CMD and Director (Finance) of BHEL.

***

## (B) DEPARTMENT OF PUBLIC ENTERPRISES (DPE):

1. A meeting of Committee of Secretaries under the chairmanship of Cabinet Secretary was convened on 16th October, 2018 to review the progress of implementation of Action Plan of CPSEs formulated on the basis of recommendations of CPSEs Conclave 2018.

2. A meeting of Search Committee was held on 30th October, 2018 which recommended reappointment of 104 non-official Directors of various CPSEs for a period of one year from the date of completion of their initial tenure of three years.

3. DPE organized a series of workshops for familiarising nodal officers of CPSEs regarding online system for writing Annual Performance Appraisal Reports of Board level incumbents of CPSEs on 4th October, 2018 at PMI, Noida, 11th October, 2018 at Bangalore and 25th -26th October, 2018 at GTI, Noida.

4. DPE organized two workshops for familiarising nodal officers of CPSEs with Samanvay, the Knowledge Management Portal developed by DPE on 10th and 11th October, 2018 at New Delhi.

5. Inter-Ministerial Committee (IMC) meetings were held to evaluate the MoU performance of 132 CPSEs for the year 2017-18.

6. DPE organised a workshop on 'Scalable Best CSR Practices: Learning from Each Other' on 5th October, 2018 at Kolkata in association with Coal India Ltd and IIT Bombay. The workshop was attended by 57 executives from 30 CPSEs, besides a team of officials from CIL, representatives from IIT Bombay, CIPET, TRIFED, TERI and Ministry of Health & Family Welfare.

7. Following training programmes were organized by DPE during the month of October, 2018:-
   (i) A training programme on 'Leadership and Enablers of achieving excellence' in association with Indian Institute of Public Administration, New Delhi from 8th to 12th October, 2018 in New Delhi.

   (ii) A training programme on 'Corporate Social Responsibility' in association with Institute of Company Secretaries of India from 22nd to 24th October, 2018 in Mumbai.

   (iii)Two training programmes for the Executives of CPSEs regarding HR related issues like RTI Act, Establishment Rules, Review under FR (56) J, Enquiry & Disciplinary Proceedings etc. at ISTM, New Delhi.

8. DPE submitted the monthly information for CAPEX of select CPSEs to PMO on 5th October, 2018.

9. DPE circulated the Draft Cabinet Note on the status of closure of sick/loss making CPSEs to the concerned Ministries/Departments for inter-ministerial consultation on 05.10.2018.

****

(A). **भारी उद्योग विभाग (डीएचआई):**

1. भारी उद्योग एवं लोक उद्यम के माननीय केन्द्रीय मंत्री ने 23 अक्टूबर, 2018 को भुवनेश्वर, उड़ीसा में सीआईआई के सहयोग से इस्पात मंत्रालय द्वारा आयोजित '' कैपिटल गुड्स इन स्टील सेक्टरः मैनुफैक्चर इन इंडिया'' की निर्वाचिका सभा में भाग लिया। इस कार्यक्रम के दौरान, भारी उद्योग एवं लोक उद्यम के माननीय केन्द्रीय मंत्री की उपस्थिति में बीएचईएल ने प्रमुख इस्पात विनिर्माताओं, परामर्शदाताओं और ईपीसी के ठेकेदारों के साथ 11 विभिन्न समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए।

2. इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहनों को बढावा देने के लिए फेम-इंडिया स्कीम की अवधि को आगे 6 महीने की अवधि अर्थात 31 मार्च, 2019 अथवा फेम इंडिया स्कीम के चरण –II, की अधिसूचना होने, जो भी पहले हो, तक बढ़ाया गया है।

3. 29 अक्टूबर, 2018 में प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव की अध्यक्षता में 'टोटल मोबिलिटी' पर एक बैठक आयोजित की गई जिसमे देश में इलेक्ट्रिक वाहनों के अंगीकरण को बढावा देने हेतु ईएफसी द्वारा अनुमोदित फेम-II के प्रस्ताव पर प्रस्तुतीकरण किया गया।

4. बैटरियों के विनिर्माण में प्रयुक्त खनिजों पर कर्तव्य संरचना पर विचार-विमर्श करते हेतु 25 अक्टूबर, 2018 को सचिव, भारी उद्योग विभाग की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई और इसकी सिफारिशें वित्त मंत्रालय को भेजी गई।

5. बीएचईएल बोर्ड ने 25 अक्टूबर, 2018 को आयोजित अपनी बैठक में रूपए 86 प्रति शेयर के मुल्य पर 31 मार्च, 2018 की स्थिति के अनुसार निवल मुल्य के 5% के समतुल्य शेयरों के खरीद वापसी को अनुमोदित किया है, सरकार ने माननीय वित्त मंत्री के अनुमोदन के साथ खरीद वापसी के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है और शेयरों की खरीद वापसी की प्रक्रिया मे भाग लेने का निर्णय लिया।

6. वर्ष 2018-19 की दूसरी तिमाही के लिए भारत हैवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड (बीएचईएल) ने पिछले वर्ष की तदनुरुपी तिमाही में प्राप्त रूपए 147 की तुलना में रूपए 272 करोड़ का कर पूर्व लाभ (पीईटी) प्राप्त किया है, जिससे 84 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

7. दिनांक 25 अकटूबर, 2018 को सचिव, भारी उद्योग विभाग की अध्यक्षता में निसान मोटर्स लिमिटेड द्वारा दायर अंतर्राष्ट्रीय मध्यस्थता से निपटने के लिए जापान के साथ व्यापक आर्थिक साझेदारी सहयोग समझौते के तहत अन्तरमंत्रालयी समुह (आईएमजी) की 12वीं बैठक आयोजित की गई।

8. हिंदुस्तान पेपर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसी) द्वारा मैसर्स एलॉय और मेट्ल्स के विरूद्ध नेशनल कम्पनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) के दिनांक 13.06.2018 के आदेश के विरूद्ध याचिका पर नेशनल कम्पनी लॉ एपिलैट ट्रिब्यूनल (एसीएलएटी) द्वारा सुनवाई में, एनसीएलएटी को मामलें को सुलझाने के लिए अंतिम मौका दिया है और मामलें को दिनांक 3.12.2018 को आदेशों हेतु पोस्ट किया है।

9. एचपीसी के विरूद्ध कारपोरेट इन्सोल्वेंसी रिजोल्यूशन प्रोसिडिंग (सीआईआरपी) के मद्देनजर एचपीसी और इसकी सहायक कंपनियों पर की जाने वाली कार्रवाई सूचित करने और मार्गदर्शन प्राप्त करने तथा एक सीपीएसई के विरूद्ध सीआईआरपी से उठने वाले व्यापक मुद्दों का समाधान करने के लिए सचिवों की समिति हेतु एक टिप्पणी दिनांक 10.10.2018 को मंत्रिमंडल सचिवालय भेजी गई।

10. सुप्रीम कोर्ट ने दिनांक 16.10.2018 के अपने आदेश में हिंदुस्तान न्यूजप्रिंट लिमिटेड (एचएनएल) कर्मचारी संघों द्वारा एचएनएल के विनिवेश के विरुद्ध दायर याचिका को रद्द कर दिया है।

11. आर्थिक मामलों संबंधी मंत्रिमंडल समिति ने नेपा लिमिटेड, मध्यप्रदेश के पुनरूद्धार एवं मिल विकास योजना (आरएमडीपी) हेतु रूपए 469.41 करोड़ के वित्तीय पैकेज को अनुमोदित किया है। इस पैकेज में आरएमडीपी को पूर्ण करने हेतु इक्विटी के रूप में रूपए 277 करोड़ का निवेश शामिल है जो 83,000 एमटी प्रतिवर्ष की वर्तमान क्षमता की तुलना में 1,00,000 एमटी प्रतिवर्ष की उत्पादन क्षमता को बढाएगा, उत्पादों मे विविधता लाएगा, उत्पादन की गुणवत्ता को बढाएगा और इससे नेपा लिमिटेड में उत्पादन फिर से शुरू करने में मदद मिलेगी। आरएमडीपी की एक वर्ष के भीतर पूरा होने की संभावना है।इस पैकेज में वेतन के भुगतान भत्ते हेतु रूपए 101.5 करोड़ और 400 कर्मचारियों को स्वौच्छिक सेवानिवृत्ति योजना हेतु रूपए 90.83 करोड़ का ऋण शामिल है। उपयुक्त समय पर आरएमडीपी के पूर्ण होने पर नेपा लिमिटेड में विनिवेश का भी अनुमोदन किया गया।

12. बीएचईएल द्वारा आपूर्तित 220 मेगावाट ई स्टीम टरबाइन जनरेटर और स्टीम जनरेटरों से लैस एनपीसीआईएल के कैगा परमाणु विद्युत स्टेशन की यूनिट –I ने दिनांक 13 मई, 2016 से 894 दिनों से अधिक लगातार प्रचालन करके दाब जल रिएक्टर का विश्व रिकार्ड बनाया है।

13. बीएचईएल ने 6X170 मेगावाट पुनातसंगचू –II हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट, भुटान के लिए पहले पेनस्टॉक बटरफ्लाई वाल्व (बीएफवी) को सफलतापूर्वक एसेम्बल किया और हाइड्रो परीक्षण किया। यह बीएचईएल द्वारा अभी तक, डिजाइन और निर्मित दूसरा सबसे बड़ा बीईवी है।

14. बीएचईएल ने ग्रेटर नोएडा में एक्सपो मार्ट में 3 अक्टूबर, से 5 अक्टूबर तक दूसरी ग्लोबल रि-इन्वेस्ट प्रदर्शनी में भाग लिया।

15. महीने के दौरान बीएचईएल ने एनटीपीसी से उत्सर्जन नियंत्रण उपकरण के लिए रूपए 2900 करोड़ के आर्डर प्राप्त किए। बीएचईएल नार्थ करनपुरा, मुदा और बाढ़ के एनटीपीसी संयंत्रों में सल्फर डाई ऑक्साइड उत्सर्जन के नियंत्रण के लिए फ्लू गैस डिसुलोह्यूराइजेशन की आपूर्ति करेगा और उनकी स्थापना करेगा।

16. बीएचईएल को आईसीएआई राष्ट्रीय लागत प्रबंधन उत्कृष्टता पुरस्कार 2017 प्रदान किया गया। यह पुरस्कार माननीय रेल और कोयला मंत्री द्वारा बीएचईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा निदेशक (वित्त) को प्रदान किया गया।

**(B) लोक उद्यम विभाग (डीपीई):**

1. सीपीएसईज कॉनक्लेव 2018 की सिफारिशों के आधार पर गठित सीपीएसईज की कार्य योजना के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा के लिए 16 अक्तूबर, 2018 को मंत्रिमण्डल सचिव की अध्यक्षता में सचिवों की समिति की एक बैठक बुलाई गई।

2. 30 अक्तूबर, 2018 को जांच समिति की एक बैठक आयोजित की गई, जिसने विभिन्न सीपीएसईज के 104 गैर-सरकारी निदेशकों को, तीन वर्षों की उनकी आंरभिक अवधि के समाप्त होने की तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिए पुनर्नियुक्त करने की सिफारिश की है।

3. डीपीई ने सीपीएसईज़ के बोर्ड स्तर के पदधारियों की वार्षिक कार्य- निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट लिखने के लिए ऑनलाइन प्रणाली के संबंध में कार्यशालाओं की एक ऋखंला 4 अक्तूबर, 2018 को पीएमआई, नोएडा 11 अक्तूबर, 2018 को बेगंलौर और 25-26 अक्तूबर, 2018 को जीटीआई, नोएडा में आयोजित की गई।

4. लोक उद्यम विभाग ने नई दिल्ली में 10 और 11 अक्तूबर, 2018 को लोक उद्यम विभाग द्वारा विकसित समझौता ज्ञापन प्रबंधन पोर्टल, समन्वय के साथ सीपीएसईज़ के नोडल अधिकारियों को परिचित करने के लिए दो कार्यशालाएं आयोजित की गईं।

5. वर्ष 2017-18 के लिए 132 सीपीएसईज़ के समझौता ज्ञापन कार्य निष्पादन के मूल्यांकन हेतु अंतर-मंत्रालयी समिति (आईएमसी) की बैठकें आयोजित की गईं।

6. लोक उद्यम विभाग ने कोल इंडिया लि. और आईआईटी, बाम्बे के सहयोग से कोलकाता में 5 अक्तूबर, 2018 को 'मापनीय श्रेष्ठ सीएसआर पद्धतियां: एक दूसरे से सीखना' पर कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में 30 सीपीएसईज़ से 57 कार्यपालकों के साथ-साथ सीआईएल से अधिकारियों की एक टीम, आईआईटी, बाम्बे, सीआईपीईटी, टीआरआईएफईडी, टेरी और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

7. अक्तूबर, 2018 माह के दौरान लोक उद्यम विभाग द्वारा निम्नलिखित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए :
   (i) नई दिल्ली में 8 से 12 अक्तूबर, 2018 तक भारतीय लोक प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली के सहयोग से 'उत्कृष्टता प्राप्ति के लिए नेतृत्व और सक्षमता' पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम।

   (ii) मुम्बई में 22 से 24 अक्तूबर, 2018 तक इंस्टीट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेट्रीज ऑफ इण्डिया के सहयोग से 'कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व' पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम।

   (iii) आईएसटीएम, नई दिल्ली में आरटीआई अधिनियम, स्थापना नियम, एफआर (56) जे के तहत समीक्षा, जांच एवं अनुशासनात्मक कार्यवाहियां आदि जैसे मानव संसाधन मुद्दों के संबंध में सीपीएसईज़ के कार्यपालकों के लिए दो प्रशिक्षण कार्यक्रम।

8. लोक उद्यम विभाग ने चयनित सीपीएसईज़ की केपेक्स की मासिक सूचना पीएमओ को 5 अक्तूबर, 2018 को प्रस्तुत की है।

9. लोक उद्यम विभाग ने 05.10.2018 को अंतर-मंत्रालयी परामर्श के लिए संबंधित मंत्रालयों/विभागों के लिए रूग्ण/घाटा उठाने वाले सीपीएसईज़ को बन्द करने संबंधी स्थिति पर मंत्रीमण्डल टिप्पणी का मसौदा परिचालित किया।

****